तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार, 23 अप्रैल 2024

10 प्रकृति की सुंदरता पेड़-पौधों पर निर्भरः गुरमीत कौर



10 हिंदू मैरिज एक्ट में बदलाव की मांग उठाई



ADVT
शिक्षा व संस्कार का समावेश ईफा अकैडमी

IIT-JEE/NEET व 10+1, 10+2 (Med/Non-Med) के बच्चों को अब भटकने की जरूरत नहीं है क्योंकि ईफा एक ऐसी संस्था है जो सैकड़ो बच्चों को डॉक्टर वह इंजीनियर बना चुकी है। ईफा अकैडमी में अनुभवी मैनेजमेंट है और दिल्ली व कोटा के अनुभवी अध्यापकों द्वारा तैयारी करवाई जाती है। यही कारण है कि ईफा एकेडमी आज विश्वसनीयता का प्रतीक बन चुकी है।

अगर आप भी डॉक्टर व इंजीनियर बनना चाहते हैं या तैयारी की सोच रहे हैं तो कहीं भी एडमिशन लेने से पहले ईफा अकैडमी द्वारा शुरू की जा रही 7 दिनों की फ्री ट्रायल क्लास जरूर करें।

10+1 व 10+2 का 2nd BATCH शुरू हो चुका है

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें -
EFA Academy, SCF-25, Near Jat Dharmshala, U/E, Jind
9996004625, 9315366265

## खबर संक्षेप

### झांसा दे 2.27 लाख रुपये की धोखाधड़ी

**जींद।** पंजाब की युनिवर्सिटी में पढ़ने वाली छात्रा के अभिभावक फोन कर छात्रा को विदेश में भेजने का झांसा देकर दो लाख 27 हजार रुपये हडपने का मामला सामने आया है। साइबर थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट में तीन महिलाएं घायल

**कैथल।** गुहला पुलिस ने मारपीट का एक मामला दर्ज किया है। इस संबंध में गांव चाणचक की कृष्णा देवी ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 20 अप्रैल को रंजिश को लेकर गांव के ही चरणजीत, गोपी, विक्की, सरजीत, ज्ञान, राणा, रिंकू, पवन, संदीप सरपंच, मानक, अशोक, हिंदा, साबू, गुड्डू देवी, और परी देवी ने मिलकर ईंटों से हमला करते हुए उसे पोली देवी और बचनी देवी को घायल कर दिया।

### रिश्तेदार बन लगाया पांच लाख का चूना

**जींद।** खुद को दूर का रिश्तेदार बता जानकार का इलाज कराने में रुपयों की जरूरत बता पांच लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी को भगा ले जाने के आरोप में मामला दर्ज

**कैथल।** सीवन सरकारी अस्पताल के निकट से एक 17 वर्षीय किशोरी को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। सीवन के व्यक्ति ने शिकायत में आरोप लगाया है कि 21 अप्रैल को अज्ञात उसकी 17 वर्षीय बेटी को शादी का झांसा देकर फुसलाकर भगा ले गया। उसने उनकी आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चल बाद में उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी।

### जुलाना में 6.4 तो नरवाना में 4 एमएम बरसात दर्ज, कृषि कार्य प्रभावित, गेहूं के ढेर और बैग भीगे

# बादलों की गड़गडाहट ने डाला किसानों की नींद में खलल

## दोपहर तक मौसम रहा साफ, बाद में बादलों ने रोकी सूरज की किरणों की राह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

परिवर्तनशील मौसम किसानों के लिए परेशानी बना हुआ है। बीती रात जिले में कहीं हलकी बूदांबांदी तो जुलाना में 6.4 एमएम नरवाना में चार एमएम बारिश हुई। जिसके चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को दोपहर तक मौसम साफ बना रहा। बाद में मौसम करवट लेता रहा। बादलों सूरज के बीच लुकाछिपी चलती रही। रात बारिश से जुलाना व नरवाना इलाके में गेहूं कटाई तथा कढ़ाई के कार्य पर प्रभाव देखने को मिला। सोमवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 21 डिग्री दर्ज किया। मौसम में आद्रता 18 प्रतिशत जबकि हवा की गति 14 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार मौसम के परिवर्तनशील होने के कारण आकाश में आंशिक बादलवाई बनी रहेगी। तापमान में इजाफा होने के साथ मौसम का मिजाज गर्म रहेगा। रविवार को दिनभर मौसम साफ होने के साथ मिजाज गर्म बना रहा। मध्यरात्रि को बादलों की गड़गडाहट ने लोगों की नींद में खलल डाल दिया। गरज तथा चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। हालांकि बारिश का सिलसिला 'यादा देर तक जारी नही रहा। रात को मौसम के बिगडे. तेवर देख कर किसान सहम उठे। उन्हें लगातार भय सताता रहा कि कहीं मौसम के बिगडे. तेवर उसकी फसल को बर्बाद न कर दें। नरवाना तथा जुलाना में रात को बारिश के कारण गेहूं कटाई तथा कढ़ाई का कार्य प्रभावित नजर आया। सोमवार दोपहर मौसम साफ बना रहा तो बाद में बादलों ने फिर से सूरज कर राह रोक ली। जिसके चलते बूंदाबांदी के आसार बने रहे। गेहूं सीजन अपने अपने पूरे यौवन पर है। गेहूं कटाई के साथ कढ़ाई का कार्य जोरों पर है। मंडियों में गेहूं की आवक भी तेजी से हो रही है। पश्चिमी विक्षोभ के असर के चलते तीन दिन आकाश से मंडराते खतरे के बीच कुछ किसानों ने अपनी फसलों को समेट लिया था। काफी किसान अभी भी अपने फसलों को समेटने में जुटे हुए हैं। ऐसे हालातों में बारिश तथा बूंदाबांदी का होना न केवल कामकाज को प्रभावित करेगा बल्कि तैयार खडी फसल को भी नुकसान पहुंचेगा।



जींद। खुले में रखा गेहूं। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। नरवाना कपास मंडी में बारिश के पानी में पड़ी गेहूं। फोटो :हरिभूमि

### मौसम के शुष्क रहने की सभावना

मौसम विभाग के वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। जिसके कारण आकाश में बादलवाई देखने को मिलेगी। जिसके साथ तापमान में भी इजाफा होगा। हवा की गति तेज होने के साथ गर्म होगी। मौसम के शुष्क रहने की सभावना है।

### नरवानाः गेहूं का उठान धीमा होने से किसान परेशान

**नरवाना।** पिछले कई दिनों से बदलते मौसम के मिजाज ने किसान और मंडियो में आढ़तियों की टेंशन बढाई हुई थी। वहीं रविवार-सोमवार की रात को इलाके में हुई बारिश से मंडियों में आढतियों के चेहरे मुरझाए है कयोंकि मंडियों में काफी आढतियों की दुकानों के आगे पडी गेंहू बारिश से भीग गई और एजेसीयों ने खरीदी गेंहू के भरे बैगों के नीचे बारिश को पानी भर गया। गेंहू खरीद के बाद उठान भी सही नही हो रहा जिस वजह से मंडियों में गेंहू के बडे ढेर लग रहे है नरवाना क्षेत्र की मंडियों में रविवार तक के गेंहू खरीद विवरण के अनुसार एजेंसीयों में अबतक हैफेड ने केवल 29 प्रतिशत, डीएफएससी ने 21 प्रतिशत व वेयर हाउस ने अबतक केवल 17 प्रतिशत गेंहू खरीद का उठान किया है। वहीं मंडियों में अबतक उठान के अभाव में 639302 क्विंटल गेंहू पडी हुई है। इस बारे जब खरीद एजेंसीयों के अधिकारीयों से बात की तो उनहोने कहा कि गाडियां कम उपलब्ध होने की वजह से उठान में देरी हो रही है। वहीं नरवाना की कपास मंडी में गेंहू से भरे बैग बारिश के पानी से निकालते हुए दिखाई दिये वहीं मौके पर जिनकी गेंहू बारिश में भीग गई उनका कहना है कि मंडी में सीवरेज की समस्या गंभीर रूप से बनी हुई है जिससे पानी का निकास नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि यदि हल्की सी भी बारिश होती है तो मंडी में पडी गेंहू पानी की वजह से खराब हो जाती है। लेकिन गेंहू की कटाई के बाद मंडियों में गेंहू के बडे-बडे ढेर लग चुके है।



कैथल। स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

### असला उपलब्ध करवाने का आरोपित पुलिस रिमांड पर

**कैथल।** गुहणा गांव में एक युवक पर फायरिंग कर कातिलाना हमला करने के मामले में मुख्य आरोपियों को असला अमुनेशन उपलब्ध करवाने वाले आरोपी के स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट पुलिस ने काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गुहणा निवासी सुमित की शिकायत अनुसार 8 अप्रैल को निवासी मंदीप उर्फ फौजी व साथी ने उसको जान से मारने की नियत से पिस्टल से फायर किए। जिस बारे विभिन्न धाराओं के तहत थाना सदर में मामला दर्ज किया गया था। प्रवक्ता ने बताया कि एसपी उपासना के आदेशानुसार मामले की जांच स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी एसआई रमेश की अगुवाई में एचसी तरसेम सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी मियां बस्ती चीका निवासी अजय सिंह उर्फ अज्जु को सफीदों जिला जींद से काबू कर लिया गया। उक्त मामले में पुलिस द्वारा मुख्य आरोपियों सहित 6 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उक्त मामले में आरोपियों को असला अमुनेशन अजय द्वारा उपलब्ध करवाया गया था। आरोपी के कब्जे से .32 बोर देसी पिस्तौल व 2 जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपी अजय ने वर्ष 2022 दौरान थाना चीका के अंतर्गत एक युवक पर कातिलाना हमला करते हुए फायर किए थे। उसी मामले में गवाह को मारने की धमकी भी अजय द्वारा दी गई।

### व्हाट्सएप पर लिंक भेज महिला से 51 हजार ठगे

**जींद।** साइबर थाना पुलिस ने व्हाट्सअप पर लिंक भेज कर प्रोडक्ट बेच कर मुनाफा कमाने के चक्कर में महिला को 51 हजार रुपये की चपत लग गई। साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में मुआना निवासी महिला मोनू कुमारी ने कहा कि 12 जनवरी को उसके व्हाट्सअप मोबाइल नंबर पर लिंक प्राप्त हुआ। लिंक पर उसने क्लिक किया तो टेलीग्राम आईडी ओपन हो गई। जिस पर उसको कुछ प्रोडक्ट खरीदने की बातचीत की हुई। उसके बाद टेलीग्राम आईडी पर आरोपित महिला को कुछ टास्क के बाद टास्क देते रहे। सबसे पहले टास्क पूरा करने के लिए उन्होंने 500 रुपये पेटीएम से यूपीआई आईडी पर जमा करवाए। फिर उसी टास्क में अलग-अलग प्रोडक्ट खरीदने के लिए बोला गया। इस तरह उन्होंने फिर दूसरी यूपीआई आईडी पर अलग अलग ट्रांजेक्शन में उसके एसबीआई बैंक खाता से 38,895 रुपये, एचडीएफसी बैंक से 7352 रुपये तथा पेटीएम से 5220 रुपये जा चुके थे। इसके बाद एक और टास्क दिया और कहा कि इसमें और रुपये लगा दो, यह अंतिम टास्क है। इसके बाद मुनाफा व लगाई हुई रकम वापस मिल जाएगी। साइबर थाना के जांच अधिकारी एचसी स'जन सिंह ने कहा कि साइबर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# खामियां मिलने पर अधिकारियों को पिलाई डांट

## जिला प्रशासकीय सचिव विकास गुप्ता ने किया नगर परिषद का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला कैथल के प्रशासकीय सचिव विकास गुप्ता ने सोमवार को नगर परिषद परिसर का दौरा कर औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में एसीएस ने परिसर में बने कार्यालयों की शाखाओं में पहुंचकर जांच की। निरीक्षण को लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के बाद विकास गुप्ता ने नप अध्यक्ष सुरभि गर्ग एवं पार्षदों के साथ बैठक की। इस बैठक पार्षदों ने पार्किंग और सिटी स्कवेयर का काम पूरा न होने पर रोष जताया। पार्षदों का कहना था कि पार्किंग का निर्माण न होने से शहर में जाम की समस्या है। इसकी अनुमति मुख्यालय की ओर से नहीं दी जा रही है। वहीं, शहर के ड्रीम प्रोजेक्ट सिटी स्कवेयर का काम काफी ढीला होने पर अपना रोष भी जताया। इसमें संबंधित एजेंसी को ब्लैक लिस्ट करने की मांग की। इस पर एसीएस विकास गुप्ता ने सिटी स्कवेयर परियोजना के निर्माण को लेकर शहरी स्थानीय निकाय विभाग के मुख्यालय में फोन मिलाया और संबंधित अधिकारी को कैथल में सिटी स्कवेयर निर्माण की स्थिति पर दौरा करने के निर्देश जारी किए। विकास गुप्ता ने जांच के दौरान नगर परिषद भवन के परिसर में सफाई न मिलने पर अधिकारियों को फटकार लगाई। निरीक्षण के तहत सबसे पहले एसीएस ने प्रॉपर्टी टैक्स की शाखा का दौरा किया। यहां पर प्रॉपर्टी टैक्स को लेकर जानकारी ली। यहां पर परिसर में सफाई नहीं मिली। गुप्ता ने कहा कि अधिकारियों को फटकार लगाते कहा कि भवन तो इतना अच्छा बना लिया, लेकिन इसकी सफाई नहीं की गई। अपने ही घर जैसे कार्यालय में सफाई को लेकर लापरवाही क्यों की जा रही है।



कैथल। प्रशासकीय सचिव विकास गुप्ता नगर परिषद का निरीक्षण करते।

### भ्रष्टाचार का आरोप

पार्षद सुशीला ने एसीएस को शिकायत दी। सुशीला ने कहा कि आप आए तो यहां पर प्रशासन है। जबकि आम लोगों के लिए प्रशासन ही नहीं होता। सिटी स्कवेयर बन रहा है पिछले कई सालों से अब इसके निर्माण में प्रयोग हो रहा सरिया पर भी जंग लग रहा है। इस पर पार्षद ने कहा कि सफाई व्यवस्था बदहाल है और अन्य कई समस्या भी शहर के लोगों को होती है। इस दौरान एसीएस के सामने पार्षद लाल पीले हो गए। उन्होंने शहर के कचरा उठान में भी भ्रष्टाचार का आरोप लगाया और इसकी निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की। इस पर विकास गुप्ता ने डीएमसी सुशील कुमार को समस्या का समाधान करने के लिए निर्देश जारी किए।

# चित्रा-वज्र नक्षत्र में आज श्रद्धा से मनाई जाएगी हनुमान जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इस बार हनुमान जयंती के दिन मंगलवार है और मान्यताओं के अनुसार जिस दिन हनुमान का जन्म हुआ था, उस दिन भी मंगलवार ही था। इसके साथ ही जिस चित्रा नक्षत्र में हनुमान जी का जन्म हुआ था, यही नक्षत्र भी हनुमान जयंती के दिन यानी के इस बार मंगलवार को रहेगा। इसके अलावा वज्र नामक योग भी इस दिन होगा। शास्त्रों में ऐसा विधान है कि इस दिन बल, बुद्धि और विद्या का वर देने वाले बजरंगबली को प्रसन्न करने के लिए भक्त व्रत रखते हैं और विधिविधान से उनकी पूजा करते हैं। वहीं धार्मिक संगठनों द्वारा भी हनुमान जयंती को लेकर जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा हनुमान चालीसा के पाठ भी हिंदू संगठनों द्वारा आयोजित किए जाएंगे।

### ये रहेगा पूजा का शुभ मुहुर्त

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि पंचांग के अनुसार हनुमान जी का जन्म चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को हुआ था। साल 2024 में पूर्णिमा तिथि 23 अप्रैल को तीन बजकर 25 मिनट से शुरू होगी और 24 अप्रैल को सुबह पांच बजकर 18 मिनट तक रहेगी। उदयातिथि की मान्यता के अनुसार हनुमान जयंती 23 अप्रैल को मनाई जाएगी। हनुमान जयंती पर पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह नौ बजकर दो मिनट से 10 बजकर 40 मिनट तक रहेगा। इसके अलावा अभिजीत मुहूर्त 11.53 मिनट से 12 बजकर 46 मिनट तक रहेगा।

**ये रहेगी हनुमान जयंती की पूजा विधिः** हनुमान जयंती के दिन व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं को चाहिए कि वो एक दिन पहले ही मांस, मदिरा जैसी चीजों का सेवन नहीं करें। हनुमान जयंती के दिन सुबह जल्दी उठ कर स्नान, ध्यान के बाद ब्रह्म मुहूर्त में बजरंगबली की पूजा करें। शुभ पूजा मुहूर्त में भी बजरंगबली की पूजा कर सकते हैं। पूजा करने से पूर्व पूजा स्थल की सफाई करें और इसके बाद हनुमान जी की मूर्ति के सामने धूप, दीप जलाना चाहिए। इस दिन सरसों के तेल से दीपक जलाएं। पूजा में सिंदूर, चोला हनुमान जी को अर्पित करें। इसके बाद हनुमान चालीसा, सुंदरकांड और हनुमानाष्टक का पाठ करें। पूजा के अंत में हनुमान जी की आरती का पाठ करें। इसी तरह शाम के समय भी हनुमान जी की पूजा करनी चाहिए और उसके बाद प्रसाद वितरण करके व्रत समाप्त करना चाहिए। इस दिन प्रसाद के रूप में गुड़, चना या फिर बूंदी के लड्डू आप वितरित कर सकते हैं। जयति-जयति हिंदू महान संगठन के संयोजक अतुल चौहान ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में हनुमान गली स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर सोनीपत लोस से भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल बडौली, भाजपा जिलाध्यक्ष राजू मोर शिरकत करेंगे। दोपहर को भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

फ्री मेगा
पोजीट्रोन
सुपर स्पेशलिटी एवं कैंसर अस्पताल
कीमोथेरेपी
सर्जरी
रेडिएशन
कैंसर कैंप
25 अप्रैल 2024, वीरवार
सुबह 10 से 2 बजे तक
74 96 96 50 54
Sector-35, Suncity, Rohtak

## खबर संक्षेप

### हनुमान जयंती पर करें सुंदरकांड का पाठः शास्त्री

**उचाना।** इस बार 23 अप्रैल मंगलवार को हनुमान जयंती है। हनुमान जयंती पर पूजा करने का कई गुणा अधिक फल मिलता है। सुबह से लेकर रात 10 बजकर 32 मिनट तक चित्रा नक्षत्र रहेगा। शहर के प्राचीन राधा-कृष्ण मंदिर पुजारी भारतेंदू शास्त्री ने बताया कि हिंदू धर्म में हनुमान जयंती का विशेष महत्व है। इस पर्व को शक्ति, भक्ति और निष्ठा का प्रतीक माना जाता है।

### संदिग्ध हालात में दो युवतियां लापता, केस

**जींद।** अलग-अलग स्थानो से दो युवतियो के संदिग्ध हालात के चलते गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलो की जांच कर रही है। इंदिरा कालोनी नरवाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 25 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। वहीं श्याम नगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी है।

### चोरी करने का आरोपित दबोचा

**जींद।** सैक्टर आठ में मकान से सरसों, धान के 12 बैग गायब होने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से चोरीशुदा सामान बरामद किया है। सैक्टर आठ निवासी कुलदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके मकान से पांच कट्टे सरसों, सात कट्टे धान के गायब हो गए। जिस पर संदेह के आधार पर पीछा किया तो सफीदों निवासी गुरदीप घर से सरसों तथा धान को दुकान पर बेच रहा था।

### दो स्थानों पर टूटे ताले नगदी व सामान चोरी

**जींद।** जिले में बीती रात चोरों ने अलग-अलग दो स्थानों पर ताले तोड़ कर सोने के जेवरात, नगदी समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव डिडवाडा निवासी कृष्ण ने शिकायत में बताया कि चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर सिलेंडर, कोल्ड डिंग, 1500 रुपये की नगदी व सामना को चोरी कर लिया।

### मतदाता आयोग की वेबसाइट पर देखें नाम

**जींद ।** जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि पूरे विश्व में भारतीय लोकतंत्र की अलग पहचान स्थापित है। भारत में चुनाव को पर्व की तरह मनाया जाता है और इस बार तो चुनाव आयोग ने चुनाव का पर्व देश का गर्व स्लोगन भी दिया है। प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है या नही।

### गांव सिंघाना में 28 बोतल शराब बरामद

**सफीदों ।** सफीदों पुलिस ने उपमंडल के गांव सिंघाना में एक व्यक्ति के पास से 28 बोतल ठेका शराब देशी बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। गश्त के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव सिंघाना का राजनारायण शराब बेचने का काम करता है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर रेड तो आरोपी पुलिस की गाड़ी को देख दूकान के अंदर भागने लगा।

### टैलेंट का महसंग्राम-2 के ऑडिशन 28 को

**नरवाना।** सागर आर्ट्स अकादमी द्वारा आयोजित कार्यक्रम टैलेंट का महसंग्राम 2 के ऑडिशन उचाना मंडी में 28 अप्रैल को होंगें। बॉलीवुड कलाकार सागर शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया की इसमे कोई भी कलाकार अपनी प्रतिभा दिखा सकता है। सभी सिंगर को करोके पे गाना पड़ेगा और करोके साथ लेकर आना होगा।

### हनुमान जयंती हर्षोल्लास से आज मनाई जाएगी

**उचाना।** उचाना क्षेत्र में 23 अप्रैल को हनुमान जयंती हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। आरजीएम उचाना के सामने प्राचीन बाबा की जोहड़ी के पास हवन भंडारे का आयोजन होगा। हनुमान मंदिर में चल रहा रामायण पाठ हनुमान जयंती के दिन संपन्न होगा। हनुमान भक्त वीरेंद्र करसिंधु, सुभाष शर्मा कापड़ो, धीरा पवन ने कहा कि हनुमान जयंती हर साल हर्षोल्लास से मनाई जाती है।

## इंडस पब्लिक स्कूल में मनाया पृथ्वी वीक, बच्चों ने रोपित किए पौधे

# प्रकृति की सुंदरता पेड़-पौधों पर निर्भरः गुरमीत कौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

इंडस पब्लिक स्कूल (जूनियर विंग)में पर्यावरण सप्ताह के दौरान विद्यार्थियों में जागरूकता लाने के लिए पृथ्वी वीक मनाया गया। जिसके तहत कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक के सभी छात्रों ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। हर दिन को एक खास थीम दिया गया, जैसे पेड़ लगाओ, जिंदगी बचाओ, ग्रीन-डे सेलिब्रेशन, नो वेस्ट डे, रिसाइक्लिंग के महत्व को समझाने के लिए बच्चों ने एक बहुत ही सुंदर नाटक प्रस्तुत किया। मुख्य अध्यापिका गुरमीत कौर ने विद्यार्थियों को कहा कि बच्चे भी छोटी-छोटी बातें जैसे सेव वाटर, सेव इलेक्ट्रिसिटी सेव फूड आदि का ध्यान रखते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगा कर और प्लास्टिक का उपयोग ना करते हुए पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में अपना सहयोग दे सकते हैं। इसलिए हम सबको मिलकर पेड़ लगाने चाहिए। मुख्य अध्यापिका गुरमीत कौर ने कहा कि हमारी प्रकृति की सुंदरता पेड़-पौधों पर निर्भर है। मनुष्य के जीवन में पेड़ों का महत्व जल बिन मछली जैसा है। पेड़ों को संरक्षित करने के लिए हमें हमेशा तैयार रहना चाहिए। हमारी आने वाली पीढ़ियों को सुखी व समृद्ध बनाने के लिए वन और पेड़ों जैसे प्राकृतिक संसाधनों की अहमियत को समझना होगा।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि


जींद। कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

## रोपित किए पौधों को वृक्ष बनने तक सेवा करने का लिया संकल्प

इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा में सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों व स्टाफ सदस्यों ने वातावरण को हराभरा रखने के लिए जहां पौधारोपण किया। वहीं विद्यार्थियों को पृथ्वी और प्रकृति के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए जूनियर विंग के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा पेड़ लगाने, जीवन बचाने, जल है तो कल है, आओ मिल कर पेड़ लगाएं, धरती को हराभरा बनाएं जैसे नारों से धरती और प्रकृति के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा के चेयरमैन सुरेंद्र सिंह मड़ोत्रा ने कहा कि हर साल 22 अप्रैल का दिन विश्व पृथ्वी दिवस मनाने के रूप में खास होता है। प्रकृति के प्रति जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से ही पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। समय के साथ नई चुनौतियों के बीच प्रकृति और पृथ्वी को बचाने की जरूरत महसूस होती है। सुरेंद्र मड़ोत्रा ने कहा कि पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने के लिए इस धरती व पर्यावरण को बचाना बहुत जरूरी है। इस पृथ्वी दिवस पर हम सभी को अपनी धरती को हरा भरा और बेहतर बनाने का संकल्प लेना चाहिए। हमें 'यादा से 'यादा पेड़ उगाने चाहिए। प्रिंसिपल रोहताश मलिक ने कहा कि हमें प्रण लेना चाहिए कि हम वायु, थल, ध्वनि और जल प्रदूषण को कम करने के लिए प्रयास करेंगे। पेड़ पौधे पृथ्वी का श्रृंगार होते हैं। पौधारोपण करने से जहां पृथ्वी हरी भरी बनती है वहीं वातावरण में भी शुद्धता आती है। इंडस जूनियर विंग की मुख्याध्यापिका 'योति सैनी ने कहा कि हमें पौधारोपण अवश्य करना चाहिए। इस वर्ष पृथ्वी दिवस 2024 की थीम प्लैनेट वर्सेस प्लास्टिक रखी गई है। उन्होंने सभी बच्चों से पॉलिथीन मुक्त भारत बनाने में अपना सहयोग देने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गीतों, कविताओं तथा भाषण के माध्यम से धरती को हरा भरा बनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर कॉर्डिनेटर अर्जिता सिंगला, सुमन देवी, सरोज कुमारी, राजरानी, रीनू शर्मा, सुकेश, नीतू, गीता शर्मा, मनीषा, दीपशिखा सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।






### विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**उचाना।** चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल कसूहन में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। नर्सरी से यूकेजी तक रंग भरने की गतिविधिए पहली से तीसरी तक पौधारोपणए चौथी से आठवीं तक पृथ्वी दिवस पर चार्ट एवं 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों की भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। विद्यालय में पौधे रोपित किए गए। स्कूल प्रधानाचार्या रीतू अत्री ने विद्यार्थियों को पृथ्वी दिवस मनाने के कारण को बताते हुए कहा कि 22 अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्थन प्रदर्शित करने के लिए पृथ्वी दिवस का आयोजन किया जाता है।



जींद। पृथ्वी दिवस पर रैली निकाल कर शहरवासियों को जागरूक करते बच्चे।

### भविष्य की सुरक्षा प्राकृतिक संतुलन पर निर्भर : प्राचार्य

**नरवाना।** धरती हमारी एक विरासत है और उसकी रक्षा करना हमारा फर्ज है। सोमवार को श्री श्याम बाल वाटिका ग्रुप नरवाना ने अपने स्कूल के बच्चों के साथ मिलकर अर्थ डे जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत हमारा उद्देश्य बच्चों को और शहर वासियों को प्राकृतिक संरक्षण और सौंदर्य की महत्वपूर्णता के बारे में जागरूक करना है। इस सामाजिक उद्देश्य को पूरा करने के लिए स्कूल में अलग-अलग कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित की हैं जिसमें प्राकृतिक महत्व पर विचार-विमर्श, पेड़-पौधों की संरक्षण और प्रदूषण पर रोक लगाने की जरूरत पर चर्चा। इस अभियान के माध्यम से बच्चों को और शहर वासियों को प्राकृतिक संबंध बनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं ताकि वे अपने क्षेत्र में प्राकृतिक संरक्षण में योगदान दे सकें। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक कृष्ण अरोड़ा और प्राचार्य 'योति अरोड़ा ने भी एक संदेश जारी किया। उन्होंने सार्वजनिक रूप से प्राकृतिक संरक्षण की महत्वता को बताया और साथ ही इस अवसर पर पौधरोपण भी किया। आइए हम सभी मिलकर प्राकृतिक संरक्षण में योगदान देने का एक संकल्प लेते हैं क्योंकि मनुष्य के भविष्य की सुरक्षा प्राकृतिक संतुलन पर ही निर्भर है।

### पर्यावरण के बदलते समीकरण भविष्य के लिए हानिकारक : सिहाग

**जींद।** आधारशिला विद्यालय में पृथ्वी दिवस मनाया गया। इसके उपलक्ष में विद्यार्थियों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से असंतुलित वातावरण, ग्लोबल वार्मिंग, वृक्षों के कटाव के कारण पृथ्वी पर संभावित खतरों के विषय में जागरुक किया।बच्चों ने स्लोगन राइटिंग व पोस्टर बना कर पृथ्वी की रक्षा का संदेश दिया। निदेशिका अंजू सिहाग ने बताया कि हमें प्रकृति और पर्यावरण के बदलते समीकरण के विषय में सोचना होगा। अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना होगा। अपने स्वाथारें से ऊपर उठकर पर्यावरण के विषय में समझना होगा। अध्यापकों ने पौधारोपण करके इसदिन के महत्व को समझाया। इस अवसर पर अध्यापिका पूजा नारंग, पूनम, सीमा मलिक व कपिल मौजूद रहे।




### पोस्टर से बच्चों ने धरती बचाओ जीवन बचाओ का संदेश दिया

**नरवाना।** शिक्षा भारती मॉडल स्कूल उझाना में पृथ्वी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय नर्सरी से बाहरवीं कक्षा तक के बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। सर्वप्रथम विद्यालय के सभी बच्चों ने कृतज्ञतापूर्वक धरती माँ को वंदन किया। उसके बाद उन्होंने अपनी चित्रकला का प्रदर्शन करते हुए सुंदर-सुंदर पोस्टर बनाएं। जिनके माध्यम से बच्चों ने धरती बचाओ जीवन बचाओ का संदेश दिया। इस दिन पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग और स्लोगन मेकिंग की एक्टिविटी की गई। सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सुंदर-सुंदर पोस्टर बनाएं, स्लोगन लिखकर धरती माँ के प्रति अपने विचार प्रदर्शित किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन डायरेक्टर वीरेंद्र बिढान और चेयरमैन प्रवीण ने पोस्टर बनाते हुए बच्चों का निरीक्षण किया और उनकी खूब प्रशंसा की। विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन ने कहा कि हमारे षि मुनियों ने धरती को माता का दर्जा दिया है क्योंकि जिस प्रकार माँ अपने बच्चों का लालन-पालन करती है उसी प्रकार धरती माँ भी मानव को पोषित करती है संरक्षित करती है और स्वास्थ्य के लिए जल और पोषक तत्वों को उपलब्ध कराती है ।





जींद। प्रतियोगिता में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### निबंध लेखन में लखवीर व पोस्टर मेकिंग में प्रिया प्रथम

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय सफीदों में प्रचार्या डा. तनाशा हुड्डा के मार्गदर्शन में सोमवार को 'योग्राफी क्लब के तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। जिसके तहत निबंध लेखन, स्लोगन लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का अयोजन किया गया। जिसका विषय ग्रह बनाम प्लास्टिक रहा। प्रचार्या डा. तनाशा हुड्डा ने बताया कि पढ़ाई के साथ साथ कलात्मक शिक्षा भी हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी को आश्वसन दिया कि हम अपने महाविद्यालय प्लास्टिक का प्रयोग संपूर्ण रूप से वर्जित करेंगे। समय-समय पर हो रही इन प्रतियोगिताओं से हम अपने व्यक्तित्व में और अधिक सुधार ला सकते हैं। इसीलिए हमें भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताओं में अवश्य हिस्सा लेना चाहिए। निबंध लेखन प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डा. मनजीत कौर ने, स्लोगन लेखन में डा. अनिल वत्स ने व पोस्टर मेकिंग में प्रो. बलविंदर सिंह ने अदा की। निबंध लेखन में लखवीर सिंह ने प्रथम, रितू ने द्वितीय तथा प्रीति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में प्रिया ने प्रथम, अंजली ने द्वितीय तथा मोहित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन में रमन ने प्रथम, मनदीप कौर ने द्वितीय तथा मौसम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# भारत विकास परिषद की बैठक

हरिभूमि न्यूज. नरवाना

केशव शाखा भारत विकास परिषद नरवाना कार्यकारिणी की बैठक आदर्श बाल मंदिर विद्यालय में हुई। इस बैठक में 28 अप्रैल दिन रविवार को होने वाले परिवार मिलन एवं दायित्व ग्रहण कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई व शाखा विस्तार बारे विचार विमर्श किया गया। सम्मानित सदस्य दिनेश गोयल को आदर्श बाल मंदिर विद्यालय का मैनेजर बनने पर सभी सदस्यों ने हर्षध्वनि से तालियां बजा कर बधाई दी।

शाखा सचिव कुबेर दत्त कौशिक ने बताया कि बैठक में परिवार मिलन समारोह को सुनियोजित तरीके से करने के लिए सम्मानित सदस्यों की अलग-अलग ड्यूटी लगाई गई। कार्यक्रम संयोजक नत्थू राम गोयल को बनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की व्यवस्था परिणीता मधोक व सन्तोष जैन की देखरेख में होगा। इसके अतिरिक्त अन्य सम्मानित सदस्यों की भी भिन्न भिन्न कार्यों की व्यवस्था देखने के लिए जिम्मेदारिया लगाई गई। बैठक में अध्यक्ष सतीश सेतिया, सचिव कुबेर दत्त, कोषाध्यक्ष राजकुमार गोयल, महिला संयोजिका परिणीता मधोक, संतोष जैन, मास्टर नत्थूराम गोयल, अर्जुन गोयल, पवन मित्तल, सुनील छाबड़ा, दिनेश गोयल, सत्यनारायण बंसल, अभिनव गुप्ता, मुकेश गोयल वह पंकज चौधरी मौजूद रहे।


जींद। कार्यकारिणी की बैठक होते हुए। फोटो :हरिभूमि


जींद। प्रतिभा को सम्मानित करते हुए जुलानी वासी। फोटो :हरिभूमि

### मेहनत के दम पर ही हर मुकाम हासिल : प्रतिभा

**जींद।** यूपीएससी की परीक्षा में 356वां रैंक हासिल करने वाली जुलानी गांव की बेटी प्रतिभा सहारण को ग्राम पंचायत और ग्राम वासियों की ओर से भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माजरा खाप के प्रधान सरदार गुरविंद्र सिंह विशेष रूप मौजूद रहे। गांव के युवा और महिलाओं द्वारा बेटी का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। खुली गाड़ी जींद से गांव तक जुलूस के रूप में सम्मान किया गया। इस अवसर पर गांव के सरपंच नरेश कुमार ने बेटी को स्मृति चिन्ह देकर गांव की तरफ से सम्मानित किया और शुभकामनाएं दी। माजरा खाप की तरफ से सरदार गुरविंद्र सिंह, महेंद्र सहारण ने स्मृति चिन्ह और पटका देकर प्रतिभा सहारण को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रतिभा सहारण ने बताया कि यह उपलब्धि उसकी मेहनत से मिली है। वो छोटे बहन भाइयों से आग्रह करूंगी कि वह मेहनत के दाम पर ही अपने माता-पिता और गांव का नाम रोशन कर सकते हैं। इसलिए हमें 'यादा से 'यादा मेहनत करनी चाहिए। इस अवसर पर सरदार गुरविंद्र सिंह ने कहा कि बेटी ने माजरा खाप का नाम पूरे देश में रोशन किया है।

## लोकसभा चुनाव में राजनीतिक पार्टियां पैराशूट प्रत्याशी न उतारें

# हिंदू मैरिज एक्ट में बदलाव की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

सर्व खाप व जनकल्याण मंच किसान संगठनों ने बैठक कर सभी राजनीतिक दलों को अल्टीमेटम दिया है कि जल्द ही किसानों की समस्याओं को दूर किया जाएगा। सर्वजातीय खाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने राष्ट्रीय कार्यालय में बैठक के बाद लिए फैसले की जानकारी देते बताया कि सीटू जमा 50 % के साथ फसल का एमएसपी दिया जाए, हिंदू मैरिज एक्ट में बदलाव किया जाए, लिव इन रिलेशनशिप को खत्म किया जाए, मनरेगा को खेती के साथ जोड़ा जाए, जींद में बड़ा औद्योगिक कारखाना लगाया जाए। भारतीय किसान यूनियन के प्रधान जयदीप चहल ने कहा कि सभी राजनीतिक दल लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं, इसलिए सभी को पैराशूट प्रत्याशी नहीं उतारने का अल्टीमेट दिया गया। 36 बिरादरी के दुख सुख में शामिल होने वाले व सभी के बीच में रहने वाले लोगों को प्रत्याशी बनाया जाए। टेकराम लंबे समय से सामाजिक सेवा कर रहे हैं और राजनीति करना जनसेवा का माध्यम है। हरियाणा पंचायती प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष अभेराम कंडेला ने कहा कि टेकराम कंडेला लंबे समय से जनसेवा में व राजनीति में भी लंबे समय से इनेलो पार्टी में रहे हैं। 2018 में जींद के उपचुनाव में पूर्व सीएम मनोहर लाल व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह व सुभाष बराला के निमंत्रण पर भाजपा को ज्वायन किया और जींद के उपचुनाव में डा. कृष्ण मिड्ढा को जितवाने में अहम भूमिका निभाई और प्रदेश सरकार ने चुनाव के बाद टेकराम कंडेला को सहकारी श्रम व निर्माण विभाग हरियाणा का चैयरमेन नियुक्त किया गया। केंद्र सरकार किसानों के जो तीन काले कानून लाए गए, दिल्ली में किसान आंदोलन की शुरुआत हुई।


जींद। बैठक करते टेकराम कंडेला। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

कंडेला ने किसान होने के नाते किसान आंदोलन में अग्रणी होकर किसान आंदोलन जितवाने के लिए अहम भूमिका निभाई। कंडेला को पूरे हरियाणा में बल्कि उत्तरी भारत में बड़े चेहरे के रूप में जाना जाता है। बैठक में धर्मपाल खटकड़, जगदीश, नरेंद्र खटकड़, पूर्व जिला पार्षद भीरा दालमवाला, बीकेयू प्रधान अजमेर, दलीप सिंह, बसाऊ, विजयपाल, विनोद, धर्मवीर व समस्त पदाधिकारी मौजूद थे।



जींद। महिला को आईफोन लौटाते चालक हरिपाल। फोटो :हरिभूमि

### चालक ने आई फोन लौटा दिया ईमानदारी का परिचय

**जींद।** जींद डिपो के चालक हरिपाल ने महिला यात्री को आईफोन वापस कर ईमानदारी का परिचय दिया। चालक हरिपाल ने बताया कि वह सुबह पांच बजकर दस मिनट पर जींद से दिल्ली के लिए बस लेकर चला था। इस दौरान एक महिला यात्री गगनदीप कौर बस में चढ़ी थी। वह संगरूर से दिल्ली जा रही थी। जैसे ही महिला यात्री दिल्ली बस स्टैंड पर उतरी तो वह अपना फोन बस में भूल गई थी। जब बस खाली हो गई थी तो चालक की नजर बस में सीट पर रखे आईफोन पर पड़ी। चालक ने सुरक्षा के तौर पर फोन अपने पास रख लिया। महिला यात्री पूछताछ करती हुए बस चालक के पास पहुंची तो चालक हरिपाल ने महिला यात्री से गहनता से पूछताछ कर उसका आई फोन वापस कर दिया। इसके बाद यात्री ने रोडवेज कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ के रा'य उपप्रधान संदीप रंगा ने कहा कि चालक हरिपाल ने महिला यात्री को आईफोन वापस कर ईमानदारी का परिचय दिया है। अन्य कर्मचारियों को भी हरिपाल जैसे कर्मचारियों से प्रेरणा लेते हुए काम करना चाहिए। रंगा ने कहा कि रोडवेज कर्मचारी लगातार यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा देने के लिए प्रयासरत रहते हैं। वहीं इससे पहले भी रोडवेज कर्मचारियों ने यात्रियों को उनका सामान वापस कर ईमानदारी दिखाई है।

खबर संक्षेप



## पोर्टल-पोर्टल का खेल बंद करे सरकार : राजीव आर्य

पूंडरी। भारतीय किसान यूनियन (मान गुट) के युवा प्रदेश अध्यक्ष राजीव आर्य ने बीते दिनों ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा जल्द से जल्द जारी करने की मांग की है। साथ ही कहा कि सरकार पोर्टल पोर्टल खेलना बंद करे। आज अनाज मंडी पूंडरी में किसानों के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि पोर्टल व्यवस्था किसानों के खिलाफ बहुत बड़ी साजिश है। पोर्टल के जरिए किसानों को लूटने का काम किया जाता है। पोर्टल पर फर्जी दस्तावेज दर्ज किए जाते हैं और किसानों को इसकी कानों कान खबर तक नहीं लगने दी जाती। सरकार ने आनाकानी की तो किसान सड़कों पर आने पर मजबूर हो जाएंगे।



## एकाग्रता बढ़ाने का सशक्त माध्यम ध्यान

कैथल। एमडीएन ग्लोबल स्कूल, कैथल में टॉपर मंत्रा ऑफ सक्सेस विषय पर प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक आचार्य पवन कुमार द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में कक्षा दसवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय के निदेशक डॉ विनोद कुमार और चेयरपर्सन निधि कंसल ने जानकारी देते बताया कि आज के समय में विद्यार्थियों का सोशल मीडिया की रूझान अत्यधिक है जो उन्हें विभिन्न मनोवैज्ञानिक समस्याओं की ओर धकेल रहा है। ऐसे में टाइम मैनेजमेंट और स्ट्रेस मैनेजमेंट जैसे विषयों पर विद्यार्थियों को शिक्षित करना अत्यंत आवश्यक हो जाता है।

### शिक्षा भारती स्कूल में पृथ्वी दिवस धूमधाम से मनाया

# छात्रों को पृथ्वी पर फैल रहे प्रदूषण से मुक्ति पाने के सुझाव बताए

**बच्चों ने अनेक प्रकार से अपनी कलाएं प्रस्तुत की जो बहुत रोचक थी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शिक्षा भारती स्कूल में पृथ्वी दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इसके अंतर्गत बच्चों ने अनेक प्रकार से अपनी कलाएं प्रस्तुत की जो बहुत रोचक थी।

विद्यालय के प्रबंधक निदेशक जितेंद्र सिंह बिढाण ने बच्चों को बताया कि हमें कम से कम इलेक्ट्रिसिटी उपकरणों का प्रयोग करना चाहिए ताकि पृथ्वी को सुरक्षित रखा जा सके। विद्यालय में पृथ्वी दिवस पर कक्षा की छात्र व छात्राओं द्वारा एक रोचक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई जिसमें विद्यार्थियों को समझाया गया की किस प्रकार से हमारे द्वारा पृथ्वी को हानि पहुंचाई जा रही है। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीकांत आर्यन द्वारा बच्चों को पारितोषिक रूप से सम्मानित किया गया। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अमरदीप भारद्धाज ने पृथ्वी पर फैल रहे प्रदूषण से मुक्ति पाने हेतु सुझाव दिए व पर्यावरण सुरक्षित रखने की जानकारी दी। अधिवक्ता अमनदीप, सुखबीर सिंह, वर्षा रानी, सुनीता सहारन, ललित शर्मा, ओम प्रकाश,राज धारिवाल आदि अध्यापक मौजूद रहे।



कैथल। पृथ्वी दिवस मनाते शिक्षा भारती स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



राजौंद। कार्यक्रम में भाग लेती हुई छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## अमरनाथ भगत जयराम कन्या महाविद्यालय में विद्यार्थियों की विदाई पार्टी

राजौंद। गांव सेरधा के अमरनाथ भगत जयराम कन्या महाविद्यालय के प्रांगण में विद्यार्थियों की विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज की प्रधानाचार्य डॉ मधु वालिया ने किया। इस दौरान प्रधानाचार्य ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि जो छात्राएं इस कॉलेज से शिक्षा ग्रहण करके छात्राएं आगे शिक्षा ग्रहण करेंगी वह इसी तरह आगे भी अपने माता-पिता कॉलेज व शहर का नाम रोशन करते हुए शिक्षा ग्रहण करें। इस दौरान कार्यक्रम में बीए द्वितीय वर्ष और बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में सीनियर छात्राओं को तिलक लगाकर सफलता की कामना करते हुए उपहार भेंट किए। सभी छात्राओं ने इस दौरान अलग-अलग प्रस्तुति देकर विदाई पार्टी को और भी चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम के विदाई समापन पर सभी छात्राएं भावुक हो उठी।



कैथल। छात्राओं को सम्मानित करते प्राचार्य डा. संजय गोयल।

# होनहार विद्यार्थियों का किया सम्मान

- केयूके में बिजनेस प्लान प्रतियोगिता में आरकेएसडी कालेज की टीम द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आर के एस डी कॉलेज के बीकॉम द्वितीय वर्ष के मृदुल , शीना और विशाल मेहता ने यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी, कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित फेस्ट में भाग लेते हुए बिजनेस प्लान प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही, उन्होंने 2100 रुपये की राशि भी जीती। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा व्यापारिक योजना जैसी प्रतियोगिता छात्रों को उद्यमी बनने में सहायता प्रदान करती है। यह छात्रों को नए और नवाचारी विचारों को समझने, विकसित करने और प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करती है। इस प्रकार की प्रतियोगिता उन्हें व्यापारिक दक्षता, नेतृत्व कौशल, और व्यवसायिक संवेदनशीलता विकसित करने का अवसर प्रदान करती है, जिससे वे विशेषज्ञता और स्वावलंबन प्राप्त करके आत्मनिर्भर और सफल उद्यमी बन सकते हैं।

प्रबंधन समिति ने वाणिज्य विभाग को उनके इस प्रयास के लिए बधाई दी। प्रतियोगिता में छात्रों का मार्गदर्शन डॉ. रचना सरदाना ने किया। प्रो नेहा और प्रो पल्लवी ने छात्रों का सहयोग किया। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अजय शर्मा ने छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें और अधिक प्रतियोगिताओं मे भाग लेने के लिए कहा। डा विशाल आनंद ने भी विधार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

## वोट की शक्ति भारत के भविष्य को दे सकती है बेहतर आकार: कृष्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी




- भारत विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं और दृष्टिकोणों के साथ विविधता का देश

लाला जयभगवान गोयल चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष कृष्ण गोयल ने कहा कि भारत जैसे विविधतापूर्ण और गतिशील राष्ट्र में, मतदान का कार्य अत्यधिक महत्व रखता है, जो हमारे देश की सामूहिक नियति को आकार देने के लिए व्यक्तिगत प्राथमिकताओं से परे है। बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि मतदान लोकतंत्र की आधारशिला है। यह वह तंत्र है जिसके माध्यम से हम, नागरिक, अपने राष्ट्र के शासन में भाग लेते हैं। अपना वोट डालकर, हम अपने देश की नीतियों, नेतृत्व और दिशा में अपनी बात रखने के अपने अधिकार पर जोर देते हैं। मतदान प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करता है। भारत विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं और दृष्टिकोणों के साथ विविधता का देश है। चुनावी प्रक्रिया के माध्यम से, हम ऐसे प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं जो इस विविधता को प्रतिबिंबित करते हैं और अपने मतदाताओं के हितों की वकालत करते हैं।

# हनुमान जी के रूद्र रूप की महिमा अपार : शास्त्री

अश्वनी खुराना ▶▶| पूंडरी

**हनुमान जन्मोत्सव पर विशेष**



श्री हनुमान जी भारतीय उपासना में सर्वाविद उपास्य है। जीवन की समस्त समस्याएं जिनकी कृपा से समाप्त हो जाती है, जीवन के समस्त संकट जिनकी कृपा से नष्ट हो जाते हैं ,अष्ट सिद्धियां नव निधियां जिनकी कृपा से प्राप्त हो जाती हैं ,जिनके पावन स्मरण से कायिक, वाचिक ,मानसिक ताप एवं आधि दैविक आधि भौतिक तथा आध्यात्मिक त्रिविध दुखों की निवृत्ति हो जाती है ऐसे श्री हनुमान जी महाराज समस्त साधकों के परम उपाध्याय है। पंडित रवि दत्त शास्त्री नें बताया की श्री हनुमान जी समस्त दैवीय शक्तियों के शक्तिपुंज है इसीलिए हनुमान जी की आराधना से सब कुछ सुलभ है। हनुमान जी चिरंजीवी- अमर देवता है।भगवान श्रीराम का जहां जहां पावन नाम संकीर्तन होता है वहां श्री हनुमान जी अवश्य विद्यमान रहते हैं 'भक्ति के इतिहास में प्रभु श्री राम की जैसी भक्ति श्री हनुमान जी ने की है, वैसे किसी ने नहीं कीहै।इसलिए हनुमान जी भक्ति शिरोमणि है।आज संपूर्ण विश्व में हनुमान जी की सर्वाधिक पूजा-अर्चना की जाती है 'जिस प्रकार राम का अवतार लोक शिक्षा एवं राक्षसों के विनाश के लिए हुआ था।उसी प्रकार हनुमान जी का अवतार राम की लीला में सहायता के लिए तथा सेवा भाव की शिक्षा के लिए हुआ था' आधुनिक समाज में भोग वादी प्रवृतियां ज्यादा प्रबल हो गए हैं ,चरित्र निर्माण और सात्विक दृष्टिकोण हास की ओर अग्रसर है।इस विषम परिस्थिति में हनुमान जी की पूजा और उनके आचरण के अनुकरण का विशेष महत्व है।हनुमान सर्वगुण संपन्न है।उनमें अनन्य भगवत भक्ति,अखंड ब्रह्मचर्य, विवेक, विद्वान बुद्धिमता, चतुरता, बल, पौरूष साहस और सदाचार है 'वे श्रीराम के परम भक्त तथा अतुलनीय है। श्री हनुमान जी रूद्र शंकर के अवतार हैं।शंकर जी ने वानर रूप क्यों धारण किया। एक वृत्तांत में कहा गया है कि भगवान श्रीराम बाल्यकाल से ही सदा शिव की आराधना करते थे और भगवान शिव भी श्री राम को अपना परम उपास्य इष्ट देवता मानते है। साक्षात नारायण ने जब नर रूप धारण कर श्री राम के नाम से अवतार ग्रहण किया और शंकर जी शिव रूप में नर रूप की कैसे आराधना कर सकते थे इसीलिए नर अवतार भगवान श्रीराम की उपासना की तीव्र लालसा को फलीभूत करने के लिए वानर अवतार धारण कर लिया और प्रेम में सेवक का रूप धारण कर उनकी सेवा करने के लिए अंजना मां के गर्भ से प्रकट हो गए।

## युवती और महिला लापता, केस दर्ज

कैथल। गांव फरल से एक 35 वर्षीय विवाहिता के बिना बताए घर से चले जाने का मामला प्रकाश में आया है। फारल गांव के एक व्यक्ति ने पूंडरी पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 21 अप्रैल को उसकी 35 वर्षीय पत्नी बिना बताए घर से चली गई। उन्होंने उसकी आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। मामले की जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल रीना देवी ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे मामले में गांव हाबड़ी से 19 वर्षीय युवती के बिना बताए घर से लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। हाबडी के व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 21 अप्रैल को उसकी 19 वर्षीय बेटी बिना बताए घर से लापता हो गई। मामले के जांच अधिकारी एचसी विकास कुमार ने बताया कि पुलिस ने सोमवार को मामला दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

## राजौंद अनाज मंडी में लगाया भंडारा



राजौंद। अनाज मंडी में भंडारे के दौरान प्रसाद वितरित करते मंडी एसोसिएशन के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

राजौंद। राजौंद अनाज मंडी एसो के सदस्यों ने अनाज मंडी में भंडारे का आयोजन किया। इस दौरान देसी घी से निर्मित हलवा व चने का प्रसाद वितरित किया गया। जानकरी देते हुए मंडी एसोसिएशन के प्रधान महीपाल सिंह राणा व भीम शर्मा राजेश राणा मातेराम आदि ने बताया कि हर वर्ष मंडी के सीजन के दौरान जब सही स्थिति में कार्य संपन्न होने को होता है तो वह सुख शांति के लिए भंडारे का आयोजन पिछले कई वर्षो से करते आ रहे हैं। इसी को लेकर आज सोमवार को यह भंडारे का आयोजन किया गया है। इसमें सभी मंडी के मजदूर दुकानदारों किसानों व आसपास के मार्केट के लोगों ने भी पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

## ध्रुव पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल ने खुद अपनी बसों का जायजा लिया

पूंडरी। ध्रुव पब्लिक स्कूल फतेहपुर की प्रिंसिपल प्रवीण ढिल्लों ने खुद बच्चों की बस में सफर कर स्कूल की बसों की सेफ्टी का जायजा लिया। इस दौरान प्रिंसिपल ने अपने ही स्कूल की कई बसों के अलग-अलग रूटों पर जाकर बसों का औचक निरीक्षण कर चालक-परिचालक का बच्चों के साथ रवैया, बस से बच्चों को उतारना, गाड़ी की स्पीड कैसे चैक किया। इसके अलावा बच्चों के अभिभावकों से भी बात कर उनसे बसों के समय पर आनेजाने संबंधित जानकारी ली। जिसकी छात्रों व अभिभावकों ने भी काफी प्रशंसा की। इसके बाद प्रिंसिपल प्रवीण ढिल्लों ने जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों की घर से लाने और ले जाने की पुरी जिम्मेवारी स्कूल स्टाफ की होती है। बच्चों को सुविधा उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है। बच्चों के मामले में उनका स्कूल किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरता है, सरकार के दिशा निर्देशानुसार उन्होंने अपनी स्कूल की बसों में सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई हुई है और सरकार सभी निर्देशों को भी फोलो करते है। इसके अलावा किसी भी अभिभावक को लगता है कि उनकी बस का कोई चालक व परिचालक कोई लापरवाही कर रहा है तो वे उनसे सीधा संपर्क कर जानकारी दे सकते है।



ध्रुव पब्लिक स्कूल फतेहपुर की प्रिंसिपल बस में बच्चों के साथ चेकिंग करते हुए। फोटो :हरिभूमि

# नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा 10 की 10 सीटों पर जीतेगी : अशोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



- प्रदेश व देश की जनता ने तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का मन बनाया

भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने कहा कि आज देश व प्रदेश में भाजपा की आंधी चल रही है। अशोक गुर्जर ने कहा कि नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश की 10 की 10 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश व देश की जनता ने तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है। आज पार्टी का जनाधार दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। भाजपा के बढ़ते जनाधार के कारण आज विपक्षी पार्टियों के मंत्री व विधायक भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा करवाए गए करोड़ों रुपये के विकास कार्यों से देश व प्रदेश की नई तस्वीर उभर कर सामने आई है। सरकार द्वारा एक समान विकास कार्य करवाए जाने से लोगों के दिलों में भाजपा ने अमिट छाप छोड़ने का काम किया है। आज विदेशी कंपनियों प्रदेश में अपने उद्योग धंधे स्थापित कर रही हैं। भाजपा ही ऐसी सरकार है जिसने युवाओं को योग्यता के आधार पर रोजगार देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पर्ची और खर्ची का खेल समाप्त कर युवाओं को पढ़ने की ओर अग्रसर किया है। यही कारण है कि आज का युवा अनैतिक कार्यों को छोड़ पढ़ाई व खेलों के प्रति अग्रसर हुआ है। गुर्जर ने कहा कि नायब सिंह सैनी एक कुशल राजनीतिज्ञ के साथ-साथ एक ईमानदार छवि के नेता हैं। उनका कैथल से विशेष लगाव रहा है। उनके सांसद के शासनकाल में जहां कैथल जिले में करोड़ों के विकास कार्य हुए तो वहीं कैथल के युवाओं को भी आगे आने का मौका मिला। अब नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री के कार्यकाल में विकास कार्यों की झड़ी लगाई जाएगी तथा सभी लोकसभा सीटों पर कमल खिलाने का काम किया जाएगा।





कैथल। पृथ्वी दिवस पर बनाए पोस्टरों को दिखाते दर्शन अकादमी कैथल के विद्यार्थी।

## दर्शन अकादमी के विद्यार्थियों ने अर्थ-डे पर बनाए पोस्टर

कैथल। दर्शन अकादमी, 5 माइल अंबाला रोड, कैथल में वर्ल्ड अर्थ डे मनाया गया। इस अवसर पर पर्यावरण से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभी कक्षाओं के छात्रों ने इस इवेंट में भाग लिया। बच्चों ने स्लोगन लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। अपने पर्यावरण को साफ सुथरा रखने का संदेश देते हुए बच्चों ने स्कूल गार्डन की सफाई की। नन्हें-नन्हें बच्चों ने हैंड प्रिंटिंग कर सुंदर चार्ट बनाए। स्कूल प्रिंसिपल सुशील कुमार ने बच्चों को धरती माता की रक्षा करने की शपथ दिलाई। उन्होंने छात्रों को बताया कि हम कैसे पर्यावरण की सुरक्षा करने में मदद कर सकते है, जैसे - अगर लाइट व्यर्थ में जल रही है तो बंद करके, कॉपी के पेज न फाड़कर आदि। उन्होंने सभी को अपने जन्मदिन पर एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर वंदना, निकिता, नैंसी, रितिका, संजम ,सोनिया, अनुप्रिया, रेनू, नेहा, रिशु, वीरम, खुशबू, अभिमन्यु, ललिता उपस्थित रहे।

## साइबर अपराधी अपराध करने के नये-नये तरीके अपना रहे

कैथल। तकनीक के इस युग में लगभग हर व्यक्ति कंप्यूटर अथवा मोबाइल से जुड़ा हुआ है। ऐसे में साइबर अपराधी भी अपराध करने के नये नये तरीके अपना रहे है । आए दिन लोग साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। साइबर ठगों द्वारा सोशल मीडिया पर लोगों को विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर ठगी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है इनमे से एक इन्वेस्टमेंट के नाम पर ज्यादा प्रॉफिट का लालच देकर लोगों के साथ पैसे की ठगी करने का नया तरीका सामने आया है। एसपी उपासना ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर ठग विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इन्वेस्टमेंट के विज्ञापन देते है, जिसमें उनके द्वारा इन्वेस्टमेंट करने पर 500-600 प्रतिशत या बड़ा प्रॉफिट देने की बात कही जाती है।

### 30 से 2 मई तक आरकेएसडी कॉलेज में दिया जाएगा प्रशिक्षण

# पीओ व एपीओ का किया गया प्रथम रैंडेमाइजेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित कोन्फ्रेंस हॉल में लोकसभा आम चुनाव के लिए पीओ (पीठासीन अधिकारी) व एपीओ (वैकल्पिक पीठासीन अधिकारी) का प्रथम रैंडेमाइजेशन किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र हरियाणा द्वारा विकसित इलेक्शन ड्यूटी मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से यह प्रक्रिया क्रियान्वित की गई है।

डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि जिला में गुहला, कैथल, कलायत तथा पूंडरी विधानसभा क्षेत्रों के लिए रैंडेमाईजेशन किया गया है। सभी चयनित पीओ व एपीओ को आगामी 30 अप्रैल से 2 मई 2024 को आरकेएसडी कॉलेज के हॉल में प्रातः 10 बजे तथा दोपहर बाद 2 बजे प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर में मास्टर ट्रेनरों द्वारा चुनाव को शांति पूर्वक तथा निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए विस्तार पूर्वक जानकारी दी जाएगी। प्रथम रैंडेमाइजेशन में 1938 पीओ तथा एपीओ को चयनित किया गया है। उन्होंने बताया कि द्वितीय व तृतीय रैंडेमाईजेशन सामान्य पर्यवेक्षक की मौजूदगी में किया जाएगा। इस अवसर पर एडीसी सी.जया श्रद्धा, अंडर ट्रेनिंग आईएएस अंकिता पंवार, एसडीएम कृष्ण कुमार व सत्यावान सिंह मान, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, डीआईओ दीपक खुराना, डीडीपीओ कंवर दमन, बीडीपीओ अन्नू टोंक, नायब तहसीलदार चुनाव सुभाष, राजेंद्र आदि मौजूद रहे।





कैथल। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

### ये रहेगा प्रशिक्षण का शेड्यूल

आगामी 30 अप्रैल से पीओ व एपीओ को आरकेएसडी कॉलेज के हॉल में प्रशिक्षण दिया जाएगा। आगामी 30 अप्रैल को सुबह 10 बजे क्रमांक 1 से 340 तथा दोपहर को 2 बजे 341 से 680 क्रमांक का प्रशिक्षण होगा। इसी प्रकार 1 मई को 681 से 1020 को सुबह 10 बजे, 1021 से 1360 को दोपहर 2 बजे, क्रमांक 1361 से 1700 को 2 मई को प्रातः 10 बजे तथा 1701 से 1938 को दोपहर 2 बजे प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### 25 को दिलाई जाएगी सामूहिक मतदाता शपथः सी.जया श्रद्धा

एडीसी व स्वीप की नोडल अधिकारी सी.जया श्रद्धा ने कहा कि 25 अप्रैल को सामुहिक मतदाता शपथ सभी कार्यालयों व शिक्षण संस्थानों में दिलाई जाएगी। व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं चुनाव भागीदारी यानि स्वीप अभियान के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों से आह्वान किया कि वे सभी अपने-अपने कार्यालयों में प्रातः 11 बजे सभी कर्मचारियों को शपथ दिलवाना सुनिश्चित करें।

**विज्ञापन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका पुण्डरी के गृह कर असैस्मैन्ट रजिस्टर के अनुसार जायदाद नं. 7RULA9Y2 श्री नरेन्द्र नाथ के नाम से दर्शायी हुई है। जिनकी मृत्यु दिनाक 12-01-2023 को ही चुकी है। जिसके वारसानों में पिंकी देवी (विधवा) श्री नरेन्द्र नाथ, कुलदीप शर्मा व नरेश कुमार पुत्रान श्री नरेन्द्र नाथ वारिस हैं। जिनकी तसदीक तहसील कार्यालय पुण्डरी द्वारा की गई है। उक्त वारिसों में से की मृत्यु हो चुकी हैं। इनके वारसानों द्वारा हल्फिया बयान दिया गया है कि उक्त जायदाद का किसी भी प्रकार का वाद-विवाद ना है तथा ना ही इस जायदाद पर वर्तमान समय में किसी भी प्रकार का कोर्ट केस आदि है। अगर इसमें कुछ भी तथ्य छुपाया गया तो इसके लिए प्रार्थी स्वयं जिम्मेवार होगा।

अतः इस जायदाद को उपरोक्त वारिसों के नाम तबदील करने में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो यह 30 दिन के अन्दर-2 अपनी आपत्ति नगरपालिका पुण्डरी के कार्यालय में दे सकता है। समयावधि गुजरने के बाद यह जायदाद नं. 7RULA9Y2 पिंकी देवी (विधवा) श्री नरेन्द्र नाथ, कुलदीप शर्मा व नरेश कुमार पुत्रान श्री नरेन्द्र नाथ के नाम तबदील कर दी जाएगी।

दिनाकः16.04.2024

हस्ता/-सचिव,
नगरपालिका पुण्डरी।

**न्यायालय तहसीलदार कम-सब- रजिस्ट्रार जीन्द।**

दीपक सिंहमार पुत्र स्व. श्री बलबीर सिंह मकान नम्बर 529/24 भगतसिंह कालोनी जीन्द तहसील जीन्द

बनाम जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री बलबीर सिंह पुत्र धम्मा सिंह का स्वर्गवास 19/12/2021 को हो चुका है। इनकी मृत्यु पश्चात निम्नखित वारसान है।

| | |
|---|---|
| 1- दीपक सिंहमार | मृतक का पुत्र |
| 2- राजबाला | मृतक की पत्नी |
| 3- ज्योति | मृतक की पुत्री |
| 4- सन्दोखी | मृतक की माता |

इनके अलावा उक्त मृतक का दीगर कोई वारिसान नहीं है जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने अपना शपथ-पत्र भी प्रस्तुत कर दिया है। इसलिए हर आम व खास को इस नोटिस / इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त मृतक के बताए गए वारसान / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक या एतराज हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर अन्दर इस कार्यालय के कार्य दिवस पर एतराज प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर पंजीकरण कर दिया जाएगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार दिनांक 22.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/-हल्का पटवारी
जीन्द।

## खबर संक्षेप



### छात्र उद्यमिता प्रतियोगिता में आशु व नितीश रहे प्रथम

**सफीदों।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सफीदों के होनहार छात्र आशु व नितीश ने छात्र उद्यमिता प्रतियोगिता में भाग लेकर में प्रथम स्थान प्राप्त करके अपने स्कूल का नाम रोशन किया। बता दें कि यह प्रतियोगिता अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संस्थान जींद में आयोजित करवाई गई थी। इस प्रतियोगिता में गवर्नमेंट स्कूल, आईटीआई व कॉलेजों के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। इस स्कूल के दोनों बच्चों ने ऑर्गेनिक स्ट्रो (ग्रो ग्रीन ) विषय पर अपनी प्रस्तुतियां दी थी। स्कूल के प्राचार्य डा. योगेंद्रपाल सिंह ने दोनों बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### अनाज मंडी से हजारों की गेहूं चुराई

**कैथल।** कलायत की अनाज मंडी से हजारों रुपए के गेहूं चोरी का मामला प्रकाश में आया है। ढूंढवा के सुरेंद्र सिंह ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 19 अप्रैल को रात के समय कोई अज्ञात व्यक्ति कलायत की अनाज मंडी से उसके गेहूं के 12 बैग चुरा कर ले गया। चुराए गए बैग की कीमत 10000 बताई गई है।

### किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**उचाना।** धर्म कांटे पर गेहूं की ट्राली में तोल में अंतर को लेकर किसानों द्वारा एसडीएम गुलजार मलिक से मिलकर शिकायत कर जांच की मांग की। एसडीएम को ज्ञापन देते हुए किसानों ने कहा कि उचाना खुर्द का किसान प्रवीण अपनी गेहूं से लोडिंग ट्राली लेकर मंडी आया था। यहां पर दो अलग-अलग कांटों से गेहूं से लोडिंग ट्राली का वजन करवाया तो वो अलग अलग आया।

### उचानाः गेहूं की लिफ्टिंग ने पकड़ी रफ्तार

**उचाना।** गोदामों में अनलोडिंग प्वाइंट कम होने से लिफ्टिंग की रफ्तार जो कम थी अब अनलोडिंग प्वाइंट बढ़ने से रफ्तार ने तेजी पकड़ ली है। डीएफएससी के 9600, हैफेड के 20 हजाराए प्राइवेट के 1030, छातर सब यार्ड में डीएफएससी के 7900, हैफेड के 9340, डीएफएससी के 15580 बैगों का उठान हुआ है।

### संयुक्त किसान मोर्चे का धरना रहा जारी

**नरवाना।** 732 वें दिन भी नरवाना तहसील कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में जारी रहा। जिसकी अध्यक्षता रत्तन सिंह चोपड़ा ने की और मंच संचालन महेन्द्र सिंह ने किया। शिशपाल गलाडी ने मंच सांझा करते हुए कहा आज सत्तारूढ पार्टी और उन के सहयोगियों का किसान मज़दूरों द्वारा हर हल्के में विरोध किया जा रहा है।

## बारदाना न मिलने से छोटे किसान परेशान

# पूंडरी मंडी में एक लाख कट्टे गेहूं का बारदाना न देने से ट्रकों में लोड करवा आढ़ती भेज रहे हैं साइलो गोदाम में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

**खास बातें**
- किसान का गेहूं मंडी में देने से गेहूं के 45 .50 रुपए कटते है जबकि किराया साइलो गोदाम का 25 से 0 रुपए प्रति क्विंटल



पूंडरी मंडी में गेहूं की आवक जोरों पर है, लेकिन ये गेहूं खरीद एजेंसियों द्वारा खरीद न किए जाने से किसानों को काफी परेशानियों का तो सामना करना पड़ रहा है, नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। दोनों मंडियों में लगभग एक लाख कट्टा गेहूं पड़ी हुई है। किसानों का गेहूं जब खरीद एजेंसियों द्वारा नहीं खरीद किया जा रहा है तो कुछ आढ़ती किसानों से दो किलोग्राम प्रति क्विंटल काटकर ले रहे है और खुद मजदूरी और साइलो गोदाम सालुमाजरा का किराया देकर ट्रकों से भेज रहे है। लेकिन ऐसा करने में किसानों को खुद साइलो गोदाम में ले जाने से अधिक नुकसान हो रहा है। किसान का गेहूं मंडी में देने से गेहूं के 45.50 रुपए कटते है, जबकि किराया साइलो गोदाम का 25 से.0 रुपए प्रति क्विंटल है। इसके अलावा किसान से मंडी में गेहूं उतरवाई की मजदूरी भी ली जाती है। मंडी में गेहूं में गेहूं लेकर आए किसान रतिराम, बलराज सिंह, विक्त्रमजीत सिंह, नफेसिंह, बालाराम, दिनानाथ व सोहनसिंह ने बताया कि उनके पास अपने साधन नहीं है और साइलो में अगर किराये के साधन लेकर जाते है तो वहां दो-दो दिन लाइनों में लग जाते है, किराया महंगा पड़ जाता है।

**अपनी मर्जी से डाल रहे हैं गेहूं**

*मंडी एसोसिएशन के प्रधान महेंद्र सिंह गोलन ने कहा कि मंडी में कुछ आढ़तियों के छोटे और साधनहीन किसान गेहूं लाकर अपनी मर्जी से डाल रहे है। लेकिन पूंडरी मंडी का लिंक साइलो गोदाम अदाणी सोलुमाजरा होने की वजह से मंडी बारदाना लैस है। इसमें कोई भी खरीद एजेंसी बारदाना नहीं दे रही है। ऐसे में जो किसान आढ़तियों की दुकानों पर अपना गेहूं अपनी मर्जी से डालकर जा रहे है, तो उन कई किसानों की गेहूं को आढ़ती कांटा करवाकर स्वयं ट्रक में लोड करवाकर अदाणी गोदाम में भेज रहे है। जिसमें आढ़ती को किराया, भरवाई और घटती तक वहन करनी पड़ती है और किसान से उनकी मर्जी के अनुसार किराये के लिए प्रति क्विंटल दो किग्रा ली जाती है।*

**मामले की होगी जांच**

जिन किसानों के पास अपने साधन नहीं है या छोटे किसान है, वे मंडी में गेहूं डाल रहे है। आढ़ती ऐसे किसानों का मिनुवैल गेट पास कटवा रहे है। किसान से प्रति क्विंटल दो किलोग्राम काट काटी जा रही है, ऐसा कोई मामला उनके संज्ञान में नहीं है। कोई किसान उनसे लिखित शिकायत करता है तो संबंधित आढ़ती के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। **-गुलाब सिंह, सचिव मार्केट कमेटी पूंडरी।**

## प्रशासकीय सचिव व डीसी ने किया कैथल, कलायत व साईलो का दौरा

# गेहूं उठान में लापरवाही बरतने वाली एजेंसियां होंगी ब्लैकलिस्टः विकास गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एवं जिला के प्रशासकीय सचिव विकास गुप्ता व डीसी प्रशांत पंवार ने सोमवार को कैथल अतिरिक्त अनाज मंडी, कलायत मंडी एवं साईलो का दौरा किया। प्रशासकीय सचिव विकास गुप्ता ने मौजूद अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गेहूं का उठान जल्द से जल्द करें ताकि मंडी में जाम जैसी स्थिति न बनें। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद आढ़तियों एवं किसानों से बात की और उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि उठान कार्य भी किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाए अन्यथा संबंधित ट्रांसपोर्टर व अधिकारी में नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। तय समय सीमा में किसानों की फसल का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। सभी मंडी नोडल अधिकारी एवं संबंधित एसडीएम अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का सही निर्वहन करें और खरीद प्रक्रिया की मोनिटरिंग निरंतर करते रहे। इस मौके पर जिला के प्रशासकीय सचिव विकास गुप्ता ने नमी मापक यंत्र से फसल में नमी की मात्रा को चेक किया। इसके अलावा उन्होंने मंडी में सफाई व्यवस्था व अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने आढ़तियों को कहा कि वे गेहूं खरीद प्रक्रिया में अपना पूरा सहयोग दे ताकि किसान को किसी प्रकार की परेशानी का सामाना न करना पड़े। साईलो के दौरे दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसी व्यवस्था की जाए, ताकि किसानों को ज्यादा देर तक लाईन में नहीं खड़ा होना पड़े। इस मौके पर डीसी प्रशांत पंवार, एसडीएम सत्यवान सिंह मान, डीएफएससी निशांत राठी, मार्किट कमेटी सचिव बसाउ राम तथा संबंधित खरीद एजैंसियों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



कैथल। जिला के प्रशासकीय सचिव विकास गुप्ता अनाज मंडी में गेहूं खरीद का निरीक्षण करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### विकास गुप्ता ने किया गुहला अनाज मंडी का दौरा अधिकारियों को उठान में तेजी लाने के निर्देश

*गुहला-चीका। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एवं जिला के प्रशासकीय सचिव विकास गुप्ता सोमवार को गुहला अनाज मंडी का दौरा किया और गेहूं खरीद का जायजा लिया। इस मौके पर उनके साथ डीसी प्रशांत पंवार भी मौजूद रहे। उन्होंने खरीद प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों को उपज के उठान में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय में खरीदी गई फसल का उठान करना सुनिश्चित किया जाए ताकि खरीद प्रक्रिया समुचित चलती रहे। उन्होंने ने कहा कि सभी मंडियों में बिजली, पानी, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की उचित व्यवस्था होनी चाहिए ताकि गर्मी के मौसम में किसानों को फसल बेचने में कोई परेशानी नहीं आए।*



### अनाज मंडियों, अन्न खरीद केंद्रों पर जारी है पीले सोने की खरीद

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि किसानों को फसल बिक्री में कोई परेशानी न हो, इसके लिए जिला की अनाज मंडियों, अन्न खरीद केंद्रों में फसल की खरीददारी तेजी से करवाई जा रही है। रविवार तक अनाज मंडियों में 403357 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। मंडियों में पहुंची समस्त गेहूं की खरीद सरकारी खरीद एंजेसियों द्वारा करवा ली गई है ताकि किसानों को किसी प्रकार की कोई परेशानी आड़े न आए। उपायुक्त ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि गेहूं की आवक के मामले में अलेवा की अनाज मंडी में 25286 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। उचाना अनाज मंडी में अबतक 52660 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। नरवाना में 33859 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई। इसी प्रकार से पिल्लूखेड़ा की अनाज मंडी में 52231 मीट्रिक टन, जुलाना की अनाज मंडी में 44587 मीट्रिक टन गेहूं, छात्तर की अनाज मंडी में 11045 मीट्रिक टन, धनौरी की अनाज मंडी में 6100 मीट्रिक टन, धमतान की अनाज मंडी में 7948 मीट्रिक टन, गढ़ी अनाज में 6211 मीट्रिक टन, जींद की अनाज मंडी में 41427 मीट्रिक टन, सफीदों की अनाज मंडी में 51916 मीट्रिक टन, नगूरां की अनाज मंडी में 17912 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है और मंडियों में पहुंचे गेहूं को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग 138301 मीट्रिक टन, हैफेड 142484 मीट्रिक टन, एफसीआई 6728 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाउस द्वारा 115844 मीट्रिक टन एंजेसियों द्वारा खरीदा जा रहा है। इसी प्रकार कुल खरीद 403357 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद की गई है। उपायुक्त ने खरीद एंजेसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे फसल खरीद के कार्य को इसी प्रकार से तेजी से करवाते रहे हैं।



सीवन अनाज मंडी में आढ़तियों से बात करते विधायक ईश्वर सिंह

### विधायक ने किया अनाज मंडी का दौरा अधिकारियों को दिए उठान के निर्देश

- मंडी में आढ़तियों से बातचीत के दौरान गेहूं के लदान के संबंध में जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

हलका गुहला विधायक ईश्वर सिंह ने गेहूं खरीद कार्य के चलते सीवन अनाज मंडी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मंडी में आढ़तियों और किसानों से बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में जाना। उन्होंने मंडी में किसानों, आढ़तियों, व्यापारियों व मजदूरों के लिये की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। विधायक ईश्वर सिंह ने मंडी का निरीक्षण करते हुए कहा कि सरकार का प्रयास है कि मंडियों में गेहूं खरीद कार्य के चलते किसानों, आढ़तियों व व्यापारियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। सरकार द्वारा मंडियों में इस कार्य के दृष्टिगत सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। उन्होंने कहा कि गेंहू के सीजन में किसानों व आढ़तियों को किसी प्रकार की भी कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। सरकार किसानों का एक-एक दाना खरीद कर उनका पैसा उनके खाते में डालेगी, किसानों को किसी प्रकार की भी कोई चिंता करने की जरूरत नहीं है। इस दौरान किसानों को मूलभूत सुविधाएं अनाज मंडी में मिले इसको लेकर भी विधायक ने अधिकारियों को मंडी में पानी की व्यवस्था, किसानों को धूप से बचाने के लिए सही प्रकार से व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मंडी में आढ़तियों से बातचीत के दौरान गेहूं के लदान के संबंध में जानकारी ली। ईश्वर सिंह ने कहा कि इस बार प्रदेश की मंडियों में गेहूं व सरसों की रिकार्ड आवक होने की उम्मीद है। मंडी अधिकारियों को हिदायत दी गई है कि फसल खरीद, उठान कार्य तथा किसानों को भुगतान उनकी सवार्ेच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। मंडी में लदान का कार्य सुचारु रूप से चलना चाहिए ताकि किसानों को उत्पाद मंडी में लाने और आढ़तियों को लदान के कार्य में परेशानी न आए। इस अवसर पर उनके साथ समाज सेवी सुधीर मिढा, मंडी प्रधान अमरेन्द्र खारा, पूर्व प्रधान कृष्ण गर्ग, पूर्व प्रधान विनोद बंसल, हैप्पी बंसल, जितेन्द्र सरदाना, राज कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

## उचाना एसडीएम मतदान केंद्रों का दौरा कर लिया सुविधाओं का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

एसडीएम एवं उचाना विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन पंजीयन अधिकारी गुलजार मलिक ने सोमवार को विभिन्न गांवों में मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। छातर, अलेवा, खरकभूरा दुर्जनपुर, करसिंधु, शाहपुर आदि गांव में स्थापित मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाओं को देखा और वहां मौजूद ग्रामीण से बातचीत की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जानी हैं। ऐसे में संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी सभी व्यवस्थाओं को पूरा करवाना सुनिश्चित करें। चुनाव आयोग के निर्देशों पर कुछ मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या अधिक होने के कारण नए मतदान केन्द्रों का गठन किया गया है। वैसे तो 'यादातर नए मतदान केंद्र पुराने परिसर में ही हैंए फिर भी यहां विशेष ध्यान दिया जाए। गुलजार मलिक ने छातर गांव की सांभर पति की वाल्मीकि चौपाल में बने बूथ नंबर 33 का भी औचक निरीक्षण किया। सरपंच ओमप्रकाश को निर्देश दिये कि वे वाल्मीकि चौपाल में रैंप का निर्माण करके फोटो भेंजे।



छातर पहुंचे एसडीएम गुलजार मलिक।

## भाषण स्पर्धा में 'राम' के छात्र सचिन रहे प्रथम

- राहुल, शुभम और सुखविंदर की टीम फिजिक्स क्विज में रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय महाविद्यालय की बीए तृतीय वर्ष के छात्र सचिन ने महर्षि दयानंद महाविद्यालय कुरूक्षेत्र द्वारा आयोजित रा'यस्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करके महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि महाविद्यालय के छात्र व छात्राएं प्रतिभा संपन्न हैं। अवसर मिलते ही कामयाबी की ध्वजा पताका फहराने का काम करते हैं। सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने का काम किया है। महाविद्यालय के सांस्कृतिक एवं युवा मामले विभाग के संयोजक डा. संदीप कुमार ने बताया कि 20 अप्रैल को महर्षि दयानंद महाविद्यालय कुरूक्षेत्र हरियाणा द्वारा रा'य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता (अनुगूंज) कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें महाविद्यालय के छात्र सचिन ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उधर, राजकीय महाविद्यालय के छात्र अमन रेढू और गौरव ने जींद इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित ब्रेन बैटल क्विज कंपटीशन में प्रथम स्थान हासिल कर 2100 की नगद राशि हासिल की है। कुल 12 टीमों ने हिस्सा लिया था। जिसमें राजकीय महाविद्यालय जींद की टीम प्रथम स्थान पर रही।





जींद। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम रहे सचिन को सम्मानित करते हुए प्राचार्य व फिजिक्स क्विज प्रतियोगिता में अव्वल रही टीमें। फोटो :हरिभूमि

### हर्षोल्लास से निकाली गई डा. भीमराव आंबेडकर की शोभायात्रा

**सफीदों।** नगर में बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा की अध्यक्षता डा. भीमराव अंबेडकर युवा संगठन के प्रधान पवन सोलंकी ने की। ऑल इंडिया संत समाज के चीफ एडवाइजर संत धनपत दास महाराज ने विशेष रूप से शिरकत की। शोभायात्रा में क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शोभायात्रा को आरपीआई अंबेडकर के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील गहलावत ने पंचशील का झंडा दिखाकर नगर के रविदास मंदिर से रवाना किया। यह यात्रा नगर के प्रमुख बाजारों व मौहल्लों में से होकर गुजरी और यात्रा का अनेक स्थानों पर जोरदार स्वागत किया गया। अपने संबोधन में संत धनपत दास व सुनील गहलावत ने कहा कि बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर ने विश्व का सबसे अच्छा और बड़ा संविधान लिखा है जिसमें सभी को समानता का अधिकार दिया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**दिक्कत** आए दिन साइट ठप रहने से लोगों का काम प्रभावित

# राजस्व विभाग की वेबसाइट आमजन के लिए बनी परेशानी

**खास बातें**
- पिछले एक पखवाड़े से साइट ठीक से न चलने के कारण लोग परेशान
- 51 रजिस्टरी में से केवल 28 रजिस्टरी हुई पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पिछले कई दिनों से जिला राजस्व विभाग की वेबसाइट आमजन के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। सोमवार को भी साइट ठप रही। जिसके कारण तहसील कार्यालय के कार्य पूरे नहीं हो पाए। वेबसाइट ठप रहने से नकलबंदी, जमाबंदी, ई-गिरदावरी, फर्द, इंतकाल का कार्य प्रभावित हुआ। कार्य प्रभावित होने से लोग तहसील कार्यालय के बाहर इंतजार करते रहे लेकिन वेबसाइट नहीं चली। हालांकि प्रशासन ने दोपहर के बाद वेबसाइट चलने का हवाला दिया है जबकि कई लोग तो दोपहर तक वेबसाइट चलने का इंतजार कर अपने घरों की तरफ बैरंग लौट गए। वेबसाइट का यह हाल पिछले लगभग 25 दिनों से बना हुआ है। जिससे काम प्रभावित होने के साथ-साथ कर्मचारी तथा लोग भी परेशान हो गए हैं। वेबसाइट नहीं चलने से समय पर काम नहीं बनने से लोगों को बार-बार तहसील कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। गौरतलब है कि साप्ताहिक दो अवकाश के बाद लोग सोमवार को अपने-अपने कायोंर् को लेकर तहसील कार्यालय में सुबह ही पहुंच गए थे। सबसे 'यादा भीड़ रजिस्टरी वाले काउंटर पर लगी हुई थी। जैसे ही तहसील कार्यालय संबंधित कार्य शुरू हुए। तभी राजस्व विभाग की वेबसाइट जवाब दे गई। कर्मचारी बार-बार लॉग इन करते रहे लेकिन वेबसाइट ठप रहने से काम शुरू नहीं हो सका। इससे लोग वेबसाइट चलने के इंतजार में लाइनों में खड़े रहे लेकिन दोपहर तक सभी लोग तहसील कार्यालय से बिना कार्य करवाए चले गए और फिर तहसील कार्यालय बिल्कुल खाली हो गया।



जींद। खाली पड़ी खिड़कियां। फोटो :हरिभूमि

| क्षेत्र | बुक हुई | रजिस्ट्री हुई |
|---|---|---|
| जींद | 11 | 05 |
| नरवाना | 16 | 10 |
| सफीदों | 17 | 11 |
| उचाना | 07 | 02 |
| कुल | 51 | 28 |

**वेबसाइट में कई दिनों से आ रही परेशानी : राजकुमार**

जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार ने बताया कि पिछले कई दिनों से विभागीय साइट में दिक्कत है। जिसके चलते तहसील कार्यालय से संबंधित नकलबंदी, जमाबंदी, ई-गिरदावरी, फर्द, इंतकाल सहित अन्य कार्य प्रभावित होते हैं। सोमवार दोपहर बाद वेबसाइट सुचारू रूप से चल पड़ी थी। जिसके चलते कर्मियों ने कामों को जल्द से जल्द निपटाया।